मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-408
21/09/2022

मुख्यमंत्री ने श्रम संसाधन विभाग की समीक्षा की

मुख्य बिन्दु–

- कुशल युवा कार्यक्रम के तहत युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि उन्हें रोजगार हासिल करने में सहूलियत हो।
- कुशल युवा कार्यक्रम के संबंध में अधिक से अधिक युवाओं तक जानकारी पहुंचाएं ताकि वे इसका लाभ उठा सकें।
- जिन आई0टी0आई0 भवनों का निर्माण अभी पूर्ण नहीं हुआ है उन्हें जल्द पूर्ण करें।

पटना, 21 सितम्बर 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में श्रम संसाधन विभाग की समीक्षा की।

बैठक में श्रम संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग के अद्यतन कार्यों एवं उपलब्धियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। श्रम आयुक्त सुश्री रंजीता ने श्रम पक्ष के प्रमुख कार्यों, श्रमिकों के लिए संचालित सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के क्रियान्वयन, विमुक्त बाल श्रमिकों के लिए पुनर्वास योजना, विमुक्त बंधुआ श्रमिकों के लिए पुनर्वास योजना आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। विशेष सचिव, श्रम संसाधन श्री आलोक कुमार ने कर्मचारी राज्य बीमा योजना तथा बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन जानकारी दी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सात निश्चय योजना के अंतर्गत कुशल युवा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके तहत युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है ताकि उन्हें रोजगार हासिल करने में सहूलियत हो। हमने कुशल युवा कार्यक्रम के कई सेंटर को भी जाकर देखा है। वहां बच्चों से बातचीत की और व्यवस्थाओं के संबंध में भी जानकारी ली है। कुशल युवा कार्यक्रम के संबंध में अधिक से अधिक युवाओं तक जानकारी पहुंचाएं ताकि वे इसका लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि जिन आई0टी0आई0 भवनों का निर्माण अभी पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें जल्द पूर्ण करें।

बैठक में श्रम संसाधन मंत्री श्री सुरेंद्र राम, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, श्रम संसाधन विभाग के प्रधान सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, श्रम आयुक्त सुश्री रंजीता, विशेष सचिव श्रम संसाधन, श्री आलोक कुमार, निदेशक, रोजगार एवं प्रशिक्षण श्री राजीव रंजन उपस्थित थे।

******